पत्र संख्या–26 / विविध–01–09 / 2025............................/

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

## आदेश

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, एकंगरसराय के अंतर्गत ग्राम–पुलपर के पास लोकायन नदी के दायें बांध पर कटाव निरोधक कार्य (एजेंडा सं0–220 / 438 / 2025) एकरारनामा सं0–15SBD/2025-26 दिनांक–29.05.2025 के तहत संवेदक छोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, पूर्वी गांधी मैदान, जहानाबाद, पिनकोड–804408 को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–15.06.2025 थी।

2. स्थल निरीक्षण के क्रम में कार्य में समानुपातिक प्रगति नहीं पाये जाने पर कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, प्रमंडल एकंगरसराय द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से स्थल पर मशीनरी एवं श्रमबल में आवश्यक बढ़ोतरी कर कार्य की प्रगति बढ़ाने हेतु संवेदक को निदेशित किया गया। इसके बावजूद दिनांक–18.06.2025 तक कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 8 प्रतिशत ही है। संवेदक द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने एवं ससमय पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण कार्यपालक अभियंता, बाढ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, एकंगरसराय के पत्रांक–800 दिनांक–18.06.2025 द्वारा संवेदक को डिबार करने की अनुशंसा की गई।

3. कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–2851 दिनांक–25.06.2025 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी। तत्पश्चात संवेदक के पत्रांक–शून्य दिनांक–01.07.2025 द्वारा कारण पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित किया गया।

4. संवेदक से प्राप्त कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर की समीक्षा बाढ़ (मो0) से करायी गयी। समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना से संवेदक द्वारा समर्पित कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर पर स्पष्ट मंतव्य प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया । तदालोक में मुख्य अभियंता, पटना के पत्रांक–192 दिनांक–14.01.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि बाढ़ अवधि के उपरांत भी संवेदक द्वारा कार्य स्थल पर अपेक्षित मशीनरी एवं श्रमबल नहीं लगाया गया। जबकि कार्य स्थल पर संबंधित सभी सामग्री उपलब्ध है। उक्त संदर्भ में मुख्य अभियंता, पटना के पत्रांक–4754 दिनांक–31.12.2025 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण भी किया गया, लेकिन संवेदक द्वारा कोई भी जवाब समर्पित नहीं किया गया।

5. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना द्वारा दिनांक–02.07.2025 को समर्पित प्रगति प्रतिवेदन में कार्य की भौतिक प्रगति 9 प्रतिशत एवं दिनांक–22.01.2026 को समर्पित प्रगति प्रतिवेदन में भी कार्य की भौतिक प्रगति 9 प्रतिशत होना प्रतिवेदित किया गया है। पुनः विभागीय पत्रांक–1065 दिनांक–19.02.2026 द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना से कार्य के अद्यतन प्रतिवेदन की मांग की गयी। तदालोक में मुख्य अभियंता, पटना के पत्रांक–806 दिनांक–02.03.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि तकनीकी सलाहकार समिति की 245वीं विशेष बैठक में एजेण्डा सं0–245 / 45 / 2026 के तहत स्थलीय स्थिति के अनुरूप कार्य कराने हेतु एवं कार्य के स्वरूप में बदलाव करते हुए बल्ला पाइलिंग की अवशेष लम्बाई में बल्ला पाइलिंग के स्थान पर गैबियन टो बनाते हुए कार्य कराने हेतु संशोधित अनुशंसा प्राप्त हुआ, जिसके आलोक में संवेदक को संशोधित अनुशंसा के अनुरूप कार्य प्रारम्भ करने हेतु निदेशित किया गया, परंतु संवेदक द्वारा अभी तक कोई कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है।

उक्त से स्पष्ट है कि विभागीय पदाधिकारियों द्वारा बार–बार निदेशित किये जाने के बावजूद भी कार्य प्रारम्भ करने का सम्यक प्रयास नहीं किया जा रहा है, जो संवेदक का कार्य के प्रति लापरवाहीं एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतः मुख्य अभियंता, पटना से प्राप्त अनुशंसा एवं बाढ़ (मो0) द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11 (क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक छोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, पूर्वी गांधी मैदान, जहानाबाद, पिनकोड–804408 (निबंधन सं0–WRD030224C1CO22201, श्रेणी–प्रथम) को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक :– 26/विविध–01–09/2025 पटना/दिनांक :..........................................

प्रतिलिपि :– छोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, एम0डी0–श्री अशोक कुमार, पूर्वी गांधी मैदान, जहानाबाद, पिनकोड–804408 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–01–09/2025 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–01–09/2025 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–01–09/2025 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना/कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–01–09 / 2025 1556 पटना, दिनांक : 19/3/26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/3/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।